दिनांक 06.01.2026 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन पानी टंकी, सफाई व्यवस्था और उद्यानों का लिया जायजा

**भिलाईनगर।** पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन–1 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पानी टंकी, आवासीय कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था और उद्यानों में बच्चों के लिए लगाई गई खेल सामग्रियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। नेहरू नगर जोन–1 अंतर्गत चौहान ग्रीन वैली के समीप ई डब्लू एस हेतु प्रधानमंत्री आवास क्षेत्र में बन रही पानी टंकी का आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए टंकी के साइज को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस टंकी के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को नियमित और सुचारू पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त खम्हरिया दीनदयाल कॉलोनी पहुंचे, जहाँ उन्होंने देखा कि कॉलोनी वासियों द्वारा घरों के ऊपर से कचरा फेंका गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को तत्काल कचरा हटाने, नियमित सफाई के साथ पेनाल्टी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कॉलोनी में कड़ी कार्रवाई की जाए, जिनको साफ सफाई पसंद नहीं है । साथ ही उन्होंने कॉलोनी की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा किए हैं। नेहरू नगर स्थित नमो उद्यान के सौंदर्यीकरण और बच्चों के मनोरंजन पर ध्यान देते हुए निगम द्वारा नई खेल सामग्रियां स्थापित की गई हैं। आयुक्त ने इनका निरीक्षण किया और उद्यान के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया। इस भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता बसंत साहू, अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित निगम के अन्य कर्मचारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

